**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 26.07.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक– 1244 / ~~JJM-3~~ M-08 / 112 दिनांक 26/7/23

जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0दे0–95 / छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211 / 38–5–2010–20 स्वजल / 2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 26.07.2023 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण उपस्थित पंजिका मे अंकित है। (संलग्नक–1)

(1.) डी0पी0आर0 विरचन कार्यः–

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रुखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद फर्रुखाबाद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तत फेज–3 के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु जनपद फर्रुखाबाद में चयनित फर्म / एजेन्सीमै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 नोएडा ने अपने पत्रांक VTL-Gaja(JV)/PH-3/FD/158 दिनांक 26.07.2023 द्वारा जनपद फर्रुखाबाद के 05 राजस्व ग्रामों के 02 नग पुर्नगठन पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रुखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षण कराया गया है। उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 26.07.2023 को आहूत बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्राक्कलनों का विस्तृत अध्ययन उपरान्त दोनो प्राक्कलनों को अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को स्वीकृति एवं धनांवटन हेतु संस्तुति सहित प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त वर्णित 02 नग प्राक्कलनों का विवरण निम्नवत् हैः–

| S. No. | District | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FARRUKHABAD | BARHPUR | REORGANIZATION DHILAWAL WSS | 1 | 4 | 1194.99 |
| 2 | FARRUKHABAD | MOHAMMADABAD | REORGANIZATION SIROLI WSS | 1 | 1 | 1473.84 |
| | **Total** | | | 02 | 05 | 2668.83 |

(2) **ISA के बीजक के भुगतानः–**

जनपद फर्रुखाबाद हेतु सूचीवद्ध ISA मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा कलस्टर A–3 एवं कलस्टर A–4 के अन्तर्गत कराये गये कार्यो के सापेक्ष बीजक फर्म के पत्र सं0 मेमो / SSS/Bill/Farrukhabad / A–3 / 2023–24 दिनांक 24.05.2023 अनुबन्ध 09 / EE/ 2022-23 (A-3) द्वारा रू0 1662375.00 एवं पत्र सं0 मेमो / SSS/Bill/ Farrukhabad / A–4 / 2023–24 दिनांक 24.05.2023 अनुबन्ध सं0 10 / EE / 2022-23 (A-4) द्वारा रू0 1747625.00 का बीजक प्रस्तुत किया गया है। ISA द्वारा अनुबन्ध 09 / EE / 2022-23 (A-3) और अनुबन्ध सं0 10 / EE / 2022-23 (A-4) के अन्तर्गत कराये कार्यो के बीजक का परीक्षण जनपद में नामित एजेन्सी डी0पी0एम0यू0 Medhaj Techno concept Pvt.Ltd. द्वारा किया गया है तथा उपलब्ध अभिलेखों / वीडियों ग्राफ्स के आधार पर सत्यापन कर अनुबन्ध की लागत का 31 % भुगतान करने की संस्तुति पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2023-24/20100 दिनांक 12.06.2023 (छायाप्रति संलग्न) में की गई है।

ISA द्वारा किये जा रहे कार्यों के भुगतान हेतु शासनादेश सं0 03 / 2021 / 423 / छिहत्तर–1–2021 –03शिकायत / 2020 दिनांक 05.02.2022 के प्रस्तर–9 में संशोधन करते हुये शासनादेश सं0 65 / 2022 / 3396 / छिहत्तर–1–2022–03 सम / 2022 दिनांक 03.10.2022 को जारी किया गया है। इस शासनादेश के अनुसार अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष उक्त बीजक एवं किये गये गतिविधियों का आलेख एवं सम्बन्धित फोटोग्राफ / वीडियो प्रस्तुत किया गया। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त अभिलेखों का परीक्षण एवं सत्यापन उपरान्त समिति द्वारा सर्व सहमति से भुगतान करने का निर्णय लिया गया तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को निर्देशित किया गया कि उक्त बीजको के भुगतान हेतु अग्रिम कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(3) आई0एस0ऐ0 के अनुबन्ध गठनः–

अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 2424/W-314/JJM-ISA/2020-21 दिनांक 25.01.2021 के द्वारा जनपद फर्रूखाबाद हेतु मै0 सेवार्थ सेवा संस्थान (कैटेगरी–A) एवं भारतीय महिया वाल विकास संस्थान (कैटेगरी–B) को चयनित किया गया था। तदोपरान्त अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 2725/W-314/JJM-ISA/2020-21 दिनांक 25.03.2021 के द्वारा जनपद हेतु चयनित संस्थाओं को 40–40 ग्राम पंचायतों का कलस्टर बनाते हुये आवटिंत कर अनुबन्ध निष्पादित करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद के पत्रांक 557/AC-1/12 दिनांक 12.03.2021 के द्वारा मै0 सेवार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ को 05 नग कलस्टर (कमशः A-1, A-2, A-3, A-4, A-5) एवं मै0 भारतीय महिला एवं वाल विकास संस्थान, मैनपुरी को 05 नग कलस्टर (कमशः B-1, B-2, B-3, B-4, B-5) कलस्टर आवटिंत किये गये थे। वर्तमान तक मै0 सेवार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ के A-1, A-2, A-3, A-4, A-5 तथा मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान मैनपुरी के B-1, B-2, B-3, B-4, B-5 अनुबन्ध गठित किये गये है। अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे 192 ग्राम पंचायते ISA को आवंटित की जानी है जिस पर समिति द्वारा शेष बचे हुये 102 ग्राम पंचायते (पूर्व निर्मित योजनान्तर्गत) एवं 90 ग्राम पंचायते (नई योजनाओं) हेतु का आवंटन एजेन्सी की क्षमता एवं जनपद में कराये गये कार्यो के आधार पर निम्नानुसार बाटने का निर्णय लिया गया।

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | आवंटित ग्राम पंचायत | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sarwarth sewa sansthan, Lucknow | Cluster's | G.P. | |
| | | A6 | 36 | निर्माणाधीन योजनाओं में सम्मिलित ग्राम पंचायतो की सूची संलग्न |
| | | A7 | 27 | |
| | | A8 | 51 | पूर्व निर्मित योजनाओं में सम्मिलित ग्राम पंचायतो की सूची संलग्न |
| | **Total A** | | **114** | |
| 2 | Bhartiya Mahila & Bal vikas Sansthan, Mainpuri | B6 | 27 | निर्माणाधीन योजनाओं में सम्मिलित ग्राम पंचायतो की सूची संलग्न |
| | | B7 | 51 | पूर्व निर्मित योजनाओं में सम्मिलित ग्राम पंचायतो की सूची संलग्न |
| | **Total B** | | **78** | |
| | **Total (A + B)** | | **192** | |

तथा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि मानकानुसार अनुबन्ध गठित कर शीघ्र RFP एवं राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रूखाबाद**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रवन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।

Scanned with OKEN Scanner

5. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
11. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
12. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. वी०टी०एल० गजा इंजीनियर्स प्रा०लि० जे०वी० नोएडा।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद

Scanned with OKEN Scanner